St. Thomas Community
Kuttapuzha P.O., Thiruvalla
Kerala, India - 689103
Email: metropolitan@bec.org, www.bec.org

**Moran Mor Samuel Theophilus Metropolitan**
**Believers Eastern Church**

000009

BECSS/MK/HN/15 - 7 - 2024

**आर्चबिशप्स, बिशप्स, याजक, सिस्टर्स ऑफ द क्रोस और विश्वव्यापी बिलीवर्स ईस्टर्न चर्च के विश्वासीगण।**

आपको अनुग्रह और शान्ति पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा, एक सच्चे प्रभु के नाम में आमीन ✠

मैं आज आपको हमारी पवित्र कलीसिया की प्रशासनिक संरचना के सम्बन्ध में एक महत्त्वपूर्ण जानकारी के लिए लिख रहा हूँ।

हमारी कलीसिया के संविधान जिसे धन्य स्मृति मेट्रोपॉलिटन एथनेसियस योहान प्रथम द्वारा पारित किया गया एवं पवित्र सिनॅड द्वारा अंगीकार किए जाने के अनुसार, प्रभावी ढंग से सेवा करने और कुशल शासन सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक प्रभागों की एक नई प्रणाली स्थापित की गई थी। और 21 जून, 2024 को पवित्र सिनॅड में उसी का पालन करने और कलीसिया की पूरी सेवकाई को ग्यारह आर्चडायसिस में विभाजित करने का निर्णय लिया गया। प्रत्येक आर्चडायसिस एक वरिष्ठ बिशप के आध्यात्मिक और प्रशासनिक नेतृत्व में होगा, जिसे आर्चबिशप के रूप में सम्बोधित किया जाएगा।

ऐसा विभाजन क्यों?

हमारी कलीसिया विभिन्न क्षेत्रों, संस्कृतियों, राष्ट्रों और यहाँ तक कि महाद्वीपों में दूर-दूर तक फैली हुई है। लेकिन हम सभी एक शरीर का हिस्सा हैं- बिलिवर्स ईस्टर्न चर्च। इस तरह की विविधता के साथ, आर्चडायसिस में विभाजित होने से कुशल प्रशासन, बेहतर याजकीय देखभाल, उत्कृष्ट संचार, क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व और बेहतर संसाधन निर्धारण में मदद मिलेगी। यह विभाजन रणनीतिक योजना, स्थिरता, पवित्र विश्वास और परम्परा के साथ-साथ हमारी कलीसिया की कलीसियाई परम्पराओं में एकता को बढ़ावा देगा, जो समय के साथ कलीसिया की दीर्घकालिक संगठनात्मक संरचना और विकास को दर्शाता है।

आपकी सुविधा के लिए, हमने प्रत्येक आर्चडायसिस के अंतर्गत आनेवाले डायसिस और मिशन प्रान्तों के साथ-साथ सम्बन्धित आर्चबिशप के नाम को दर्शाते हुए एक विस्तृत सूची तैयार की है। यह जानकारी, प्रार्थना और पूर्ण एवं पूरे दिल से पालन के लिए सभी कलीसिया तक पहुँचाई जानी चाहिए।

मैं याजकगण और विश्वासियों के सभी सदस्यों से आग्रह करता हूँ कि वे खुद को नई संरचना से परिचित कराएँ और किसी भी मदद या मार्गदर्शन के लिए अपने सम्बन्धित डायोसिसन और आर्चडायोसिसन अगुवों तक पहुँचे।

जैसे हम अपनी कलीसिया के इतिहास में इस नए अध्याय को ग्रहण करते हैं, आइए, हम प्रभु के मार्गदर्शन और ज्ञान पर भरोसा करते हुए, एकता और विश्वास के साथ मिलकर काम करना जारी रखें। रोमियों की पत्री 8:28 में दर्ज इस अद्‌भुत वायदे को हमेशा याद रखें, ''और हम जानते हैं, कि जो लोग परमेश्वर से प्रेम रखते हैं, उनके लिये सब बातें मिलकर भलाई ही को उत्पन्न करती हैं; अर्थात् उन्हीं के लिए जो उसकी इच्छा के अनुसार बुलाए हुए हैं।''

पवित्र आत्मा हमें हमारे सभी प्रयत्नों में प्रेरित और मजबूत करे, और उसकी पवित्र कलीसिया की शान्ति और निर्माण के निमित्त उसके गौरवशाली नाम को गौरवान्वित करे ।

मसीह में आपका पिता,

+ Samuel

✠ मोरान मोर सामूएल थियोफिलुस मेट्रोपॉलिटन

SEAL OF THE MORAN MOR SAMUEL THEOPHILUS METROPOLITAN · BELIEVERS EASTERN CHURCH